16/11/2020 Class - IV

# विराम - चिह्न

## विराम-चिह्न

भाषा को बोलते, पढ़ते और लिखते समय ठहरावों और भावों को स्पष्ट करने के लिए प्रयोग किए जानेवाले चिह्न विराम-चिह्न कहलाते हैं।

### विराम-चिह्न के प्रकार :-

1. पूर्णविराम चिह्न ( । )
2. अल्पविराम चिह्न ( , )
3. अर्धविराम चिह्न ( ; )
4. प्रश्नवाचक चिह्न ( ? )

1. पूर्णविराम चिह्न ( । ) → वाक्य में जब पूरा ठहराव आता है। तब पूर्णविराम का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण: हम घर पहुँच गए।
मेरे मित्र अच्छे हैं।

2. अल्पविराम चिह्न ( , ) → वाक्य में जब थोड़े ठहराव आता है। तब अल्पविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है जिसे कॉमा (Comma) कहा जाता है।

उदाहरण: राम, श्याम और मोहन साथ-साथ पढ़ते हैं।
हाँ, तुम आ सकते हो।

3. अर्धविराम चिह्न (;) → कुछ ठहराव अल्पविराम से अधिक एवं पूर्णविराम से कम होते हैं। तब अर्धविराम चिह्न (;) का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरण: i) विद्यालय में हम पढ़ते हैं; खेल-कूद का अभ्यास भी करते हैं।
ii) टी०वी० देखने में मनोरंजन होता है; ज्ञान भी बढ़ता है।

4. प्रश्नवाचक चिह्न (?) → जब वाक्य में कोई प्रश्न पूछा जाता है, तब प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरण :- भारत कब स्वतंत्र हुआ था?
तुम स्कूल क्यों नहीं आए?